
RNI Regd No. RAJHIN/2013/60831







हिन्दी मासिक

# माली सैनी सन्देश

जोधपुर

निष्पक्ष, निडर, नीतियुक्त पत्रकारिता

वर्ष : 11 • अंक 127 • जनवरी - 2016 • • मूल्य : 15/-

भारत की प्रथम महिला शिक्षिका

## सावित्री बाई फूले

की जयंती 3 जनवरी

पर नमन









सैनी वर्ल्ड इकॉनोमिक फोरम के द्वारा आयोजित त्रि-दिवसीय महाकुंभ की झलकियां

**विश्व स्तरीय श्री कृष्ण गौशाला नागौर संचालक महामण्डलेश्वर श्री कुशालगिरीजी महाराज के साथ पूर्व मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत**









# भीरु ग्रुप भीनमाल द्वारा आयोजित सावित्री बाई फूले जयंती 2016 की झलकियां ...














RNI Regd No. RAJHIN/2013/60831

# माली सैनी सन्देश

● वर्ष :11 ● अंक 127 ● 30 जनवरी, 2016 ● मूल्य : 15/- प्रति



**सम्पादक मण्डल**

**संरक्षक :**



**श्रीमान रमेशचंद्र कच्छवाहा**
( अध्यक्ष, जोधपुर ठेकेदार ऐसोसियेशन )
( अध्यक्ष, माली सैनी समाज सेवा समिति )

**सह संरक्षक:**



**श्री ब्रह्मसिंह चौहान**
(उपाध्यक्ष,भाजपा, जोधपुर)

**प्रेस फोटोग्राफर**

**जगदीश देवड़ा**
(रितू स्टूडियों मो. 94149 14846)

**मार्केटिंग इंचार्ज**

**रामेश्वर गहलोत**
(मो. 94146 02415)

**कम्प्यूटर**

**इरशाद ग्राफिक्स, जोधपुर**
(मो. 7737651040)

पत्रिका में प्रकाशित विचार लेखकों के स्वयं के विचार है। किसी भी विचार के साथ सम्पादकीय सहमति का होना आवश्यक नहीं है। सभी प्रसंगों का न्यायिक क्षेत्र जोधपुर ही होगा।


## इस अंक में

आवरण कथा

### देश भर में मनाई देश की प्रथम महिला शिक्षिका माता सावित्री बाई फूले की जयंति




- माली सैनी समाज के महाकुंभ में देश विदेश के लोगों का उमड़ा हुजूम
- सामूहिक विवाह सम्मेलन को लेकर समितियों का गठन
- संत श्री लिखमीदास सेवा संस्थान भीरू ग्रुप द्वारा आयोजित माली समाज प्रतिभा एवं
- मातृशक्ति सममान समारोह में करीब तीन हजार समाज महिलाओं ने की शिरक्त
- अंतर्राष्ट्रीय तैराक सुश्री किरण टाक का महाराणा प्रताप पुरस्कार हेतु चयन
- समाजसेवी श्री ऊंकारराम कच्छवाहा दुबारा निंविरोध अध्यक्ष निर्वाचित
- इनकरेशन स्टेप संस्था द्वारा गरीब बेसहारा परिवारों को स्वेटर वितरण
- एजुकेशन स्टार्ट-अप के लिए आईएएस ने छोड़ी नौकरी
- सर्दी में कम्बल बांट कर की सेवा
- बनेठा में सैनी सामूहिक विवाह सम्मेलन मुख्य कार्यालय का उद्घाटन
- 'दीपावली सजावट प्रतियोगिता - 2015 'का आयोजन
- भारत विकास परिषद द्वारा स्वामी विवेकानन्द जयन्ति पर किया प्रश्नोतरी कार्यक्रम
- माली वेलफेयर सोसायटी सिरोही द्वारा स्वेटरों का वितरण
- माली सैनी समाज के 5 जोड़े तय
- प्रतिभाओं का सम्मान
- संक्षिप्त समाचार

# सम्पादक की कलम से ...



सामाजिक अधिवेशन में समाज के समाजसेवी माली संस्थान के पूर्व अध्यक्ष श्री सुनील परिहार ने समापन समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में जो भाषण दिया उसकी जितनी निंदा की जाए कम है। श्री सुनील परिहार ने अपने उद्‌बोधन में सिर्फ और सिर्फ अपनी मैं और मेरे कार्यो का बहुमान किया।

मुख्य अतिथि के रूप में जब सुनील परिहार ने कहा कि मेरे दादाजी स्व. सेठ श्री भीकमदास परिहार ने रातानाड़ा में छात्रावास का निर्माण करवाया। यह सत्य है कि स्व. सेठ श्री भीकमदास जी परिहार ने रातानाड़ा में छात्रावास के निर्माण हेतु जो योगदान दिया उसका समाज सदैव ऋणी रहेगा लेकिन यह भी एक कटु सत्य है कि इस छात्रावास के निर्माण में समाज के विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों पीपाड़, भोपालगढ़, तिवंरी, मथानियां के साथ ही जोधपुर के अनकों दानदाताओं ने आर्थिक सहयोग प्रदान किया था। इस छात्रावास के निर्माण में दानदाताओं के सहयोग से ही छात्रावास का उपयोग आज समाज के युवकों के लिए हो रहा है जिसका श्रेय समाज के स्व. श्री भीकमदास जी परिहार के साथ ही समाज के दानदाताओं को भी जाता है हमें उनके योगदान का भी उल्लेख करना चाहिए।

श्री सुनील परिहार अक्सर अपने उद्‌बोधन में मेरी (यानि मैं)संस्था, मैनें शब्द का अत्याधिक उपयोग करते है। वह कहते है मेरी संस्था ने समाज के लिए बैकिंग क्लासेज प्रारंभ की जिसमें हजारों समाज के युवक युवतियों को रोजगार मिला। लेकिन आप लोगों को यह पता नहीं होगा कि इसके लिए समाज के पूर्व बैंक अधिकारी श्री प्रतापसिंह गहलोत ने उस समय अपना तन-मन-धन लगा समाज के युवक युवतियों को बैकिंग क्लासेज ही नहीं उनके इण्टरव्यू के लिए भी मागदर्शन करते थे तथा स्वयं सभी को साथ लेकर जाते थे। उनके इस काम को आज श्री देवीचंद देवड़ा बखूबी निभा रहे है। इस संस्था का आज स्वरूप है वह श्री प्रताप सिंह गहलोत व श्री देवीचंद देवड़ा के अतुलनीय सहयोग की वजह से है।

इस सम्मेलन में श्री सुनील परिहार ने कहा कि मेरी संस्था द्वारा पीपाड़ माली समाज द्वारा चलाई जा रही अभिनव कोचिंग क्लासेज से समाज के सैकड़ों युवक युवतियों को रोजगार मिला । लेकिन इसकी सच्चाई यह है कि श्री सुनील परिहार ने ही पीपाड़ माली समाज द्वारा चलाई जा रही कोचिंग क्लासेज का विरोध किया तथा उनको यहां कोचिंग क्लासेज चलाने का मना किया परंतु जब आज पीपाड़ माली समाज के दानदाताओं द्वारा पीपाड़ सब्जी मण्डी के प्रागंण में समाज की इस कोचिंग क्लासेज से आर.जे.एस. के साथ ही अन्य सरकारी पदों पर समाज के युवाओं ने अपनी योग्यता एवं संस्थान की कोचिंग के माध्यम से सफलता प्राप्त की जिसका श्रेय वह स्वयं ले रहे है जो कि पूर्णतया गलत है। उनके अनेकों उद्दबोधन में आप मैं और मेरी संस्था जैसे उच्चारण सुनते है जिससे ऐसा लगता है समाज में उनसे पहले तथा अभी तक कोई भी ऐसा समाजसेवी नहीं हुआ जिसने समाज को आगे बढ़ाने का कार्य किया है।

कहने का तात्पर्य यह है कि समाज के चहुंमुखी विकास के लिए किसी व्यक्ति विशेष के सहयोग से नहीं सभी के सहयोग एवं मागदर्शन से समाज में नई उर्जा आई है तथा समाज की हर क्षेत्र में प्रगति हुई है। श्री सुनील परिहार ने माली संस्थान अध्यक्ष के रूप में अपना कार्य बखूबी किया है। लेकिन उनके द्वारा सभी कार्यो के श्रेय लेने की प्रवृति से ऐसा लगता है कि इनके पहले समाज में कोई विकास सुधार नहीं हुआ तथा न ही उच्च शैक्षणिक स्तर था। श्री सुनील परिहार ऐसा कह कर वह हमारे पूर्वजों के त्याग का अपमान कर रहे है हमें आज जो भी मिला है वह हमारे पूर्वजों के आशीर्वाद एवं त्याग के साथ उनके द्वारा समाज के सर्वागिण विकास हेतु किये गये कार्यो के कारण विरासत में मिला है।

पत्रिका के संपादक होने के नाते मेरा श्री सुनील परिहार से विनम्र निवेदन है कि सामाजिक सम्मेलनों में वह समाज की सच्चाई का वर्णन करें जो सत्य है वह अटल है हमें अपने मैं से निकलना होगा हम समाज का विकास सभी के सहयोग से ही कर सकते हैं इसके लिए सभी का सहयोग अति आवश्यक है। हम समाज से हम से समाज नहीं है यह सत्य स्वीकारना होगा तथा समाज की संस्थाओं द्वारा जो समाजिक हित के कार्य किए जाते है उनमें हम बाधक नहीं बने न ही इनमें हम राजनीती करें अन्यथा हमारा समाज अलग - अलग भागों में बंट जायेगा जिसका नुकसान भावी पीढ़ी को होगा।

## अधिवेशन में झूठ बोल वाह-वाही लूटने वाले समाज को तोड़ने की बजाय जोड़े...



**मनीष गहलोत**
प्रधान सम्पादक

सैनी वर्ल्ड ईकॉनामिक फोरम के बैनर तले राज्य भर में एक लाख लोगों ने की शिरकत

# देश भर में मनाई देश की प्रथम महिला शिक्षिका माता सावित्री बाई फूले की जयंति






जयपुर। सैनी वर्ल्ड इकॉनोमिक फोरम की ओर से रविवार को विधायक नगर में माता सावित्री बाई फूले संस्थान में देश की प्रथम महिला शिक्षिका सावित्री बाई फूले की 185वीं जयंती मनाई गई। जबकि इस मौके पर प्रदेश के सभी जिलों में करीब एक लाख से अधिक लोगों ने भाग लिया। प्रदेश संगठन महामंत्री बाबूलाल सैनी ने बताया कि फोरम की ओर 28 दिसम्बर में 3 जनवरी तक सम्पूर्ण जिलों में जागृति सप्ताह मनाया गया। इस दौरान प्रत्येक जिलों में रक्तदान वाहन रैली, प्रतिभा सम्मान समारोह, जनजागरण अभियान, विचार गोष्टी, निबंध प्रतियोगिता, जनसभा, स्वच्छता अभियान, कच्ची बस्तियों में फल वितरण, गौ-सेवा अभियान जैसे कार्यक्रम किए गए। सप्ताह के समापन पर प्रदेश के विभिन्न स्थानों पर सावित्री बाई फूले की जयंती समारोह पूर्वक फोरम की जिला कार्यकारिणी ने मनाई।

इस दौरान फूले दंपती को भारत रत्न की मांग की गई। देश की प्रथम महिला शिक्षिका की जयंती पर सहित राज्यभर में प्रतिभा सम्मान समारोह हुआ जिसमें करीब 500 प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। सैनी वर्ल्ड इकॉनोमिक फोरम के राष्ट्रीय संयोजक सुभाष सैनी ने बताया कि इस प्रकार के आयोजन से समाज के लोगों को आपस में मेल मिलाप का मौका मिलता है तथा वर्ल्ड इकॉनोमिक फोरम समाज के शिक्षित युवाओं को एकसूत्र में बांध कर उन्हें अपने स्तर पर कोंचिग करवाएगा तथा जिन-जिन के अपने व्यवसाय में उन्हें जोड़कर समाज को और देश को एक उदाहरण पेश करने के उद्देश्य से कार्य करेगा।

राष्ट्रीय संयोजक सुभाष सैनी ने बताया कि कुरूक्षेत्र के सांसद राजकुमार सैनी, उत्तर-प्रदेश विधान परिषद के विधायक परमेश्वर लाल सैनी ने उपस्थित हो जयंती पर समाज का मार्गदर्शन किया।

जयपुर में फोरम की युवा परिषद के प्रदेश महामंत्री सुरेश सैनी, जिलाध्यक्ष जितेन्द्र अजमेरा के नेतृत्व में टोंक फाटक से विशाल वाहन रैली निकाली गई। रैली का समापन विधाधर नगर स्थित संस्थान में हुआ।

जालोर। सैनी वर्ल्ड इकॉनोमिक फोरम की ओर से शहर के राजकीय अस्पताल में शुक्रवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। माँ सावित्री बाई फूले जागृति सप्ताह के तहत आयोजित रक्तदान शिविर में संस्था के अध्यक्ष निंबाराम सोलंकी ने बताया कि सावित्री बाई फूले देश की प्रथम शिक्षिका के साथ समाज सेवा के क्षेत्र में अद्भुत व्यक्तित्व की धनी थी। इस शिविर में 21 युवाओं ने आवश्यकता जनित लोगों के लिए रक्तदान किया।

**फूले ने जगाई महिला शिक्षा की अलख-सैनी**

सावित्री बाई फूले सामाजिक एवं शैक्षिक विकास संस्थान के तत्वावधान में भारत की प्रथम महिला शिक्षिका सावित्रीबाई फूले की जयंती रविवार को सरस्वती शिक्षा निकेतन उच्च माध्यामिक विद्यालय में मनाई गई। मुख्य अतिथि वरिष्ठ कांग्रेस नेता रामकिशोर सेनी ने कहा कि सावित्री बाई ने 170 वर्ष पहले ही महिला शिक्षा का महत्व समझ लिया था। उन्होंने कन्या पाठशालाएं खोलकर महिला शिक्षा की अखल जगाई। इस मौके पर दसवीं व बारहवीं में 90 फीसदी से अधिक अंक प्राप्त करने वाली 35 प्रतिभाओं को सम्मानित किया। छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में नगरपालिका उपाध्यक्ष मनोज पटेल, भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश प्रवक्ता रामकरण सैनी बसवा, पंचायत समिति प्रधान सीमा मीना सरपंच, संघ अध्यक्ष गोपालसिंह नागल, जिला परिषद सदस्य महेश सैनी व देवीसहाय ने विचार व्यक्त किए। इस मौके पर रामगोपाल आमेरिया, संस्था अध्यक्ष हेमलता सैनी, मोहनलाल सैनी, प्रधानराचार्य बाबूलाल सेनी, ख्यालीराम सैनी आदि मौजूद थे।

**26 प्रतिभाएं सम्मानित**

सैनी युवा संगठन के तत्वावधान रविवार को सावित्री बाई फूले की जयंती मनाई गई। इस मौके पर शहर की नेहरू कॉलोनी, स्थित गणपति गार्डन में समारोह आयोजित करसमाज की 26 प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि जिला परिषद सदस्य रेखा सैनी ने बालिका शिखा को बढ़ावा देने पर जोर दिया। अध्यक्षता पालिकाध्यक्ष जगदीश सैनी ने की। गोविन्दनारायण सैनी, हीरालाल सैनी, पार्षद बृजमोहन सैनी, कमलेश सैनी आदि उपस्थित थे।

**समाज उत्थान पर चर्चा**

समाज आर्थिक विकास एवं समाज सुधार संगठन तहसील बसवा की बैठक रविवार को धांधालाई स्थित केशव आदर्श विद्या मंदिर में जिलाध्यक्ष कजोड़मल सैनी व तहसील अध्यक्ष रंगलाल सैनी की मौजूदगी में हुई। इसमें सामाजिक

सामान्य चिकित्सालय, आलनपुर सर्किल, रणथम्भौर सर्किल, केन्द्रीय रोडवेज डिपो, आमली मोड़ से गुजरते हुए सैनी छात्रावास हाऊसिंग बोर्ड में पहुंचकर संपन्न हुई। इसके बाद सैनी छात्रावास में सावित्री बाई फूले जयंती कार्यक्रम के तहत समारोह का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कैलाश नारायण सैनी ने की। मंच संचालन कमलेश सैनी व महेन्द्र सैनी जिला कोषाध्यक्ष ने किया। युवराज सैनी जिला उपाध्यक्ष ने सावित्री बाई फूले की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए लोगों को संबोधित किया।

**चौथ का बरवाड़ा।** कस्बे में ज्योतिबा फूले संस्थान की ओर से बाई फूले की जयंती मनाई गई। इस पर उनकी जीवनी पर प्रकाश डाला महिला शिक्षा को बढावा देने पर गया। कार्यक्रम में संस्थान के जिलाध्यक्ष कन्हैयालाल सैनी ने कहा कि ने महिला शिक्षा के लिए बहुत दिया है। ऐसे में उनके आदर्शो में उतारकर महिला शिक्षा के करना चाहिए।

वाहन रैली निकाली, बेटी बचाओं, बेटी पढ़ाओं का लिया संकल्प

**जयपुर।** भारत की पहली महिला शिक्षिका मां सावित्री देवी बाई फूले की 186वीं जयंती रविवार को मनाई गई। इस अवसर पर शहर में विभिन्न सांस्कृतिक आयोजन हुए। मुख्य कार्यक्रम विद्याभर नगर स्थित महात्मा ज्योतिबा फूले राष्ट्रीय संस्थान की ओर से रखा गया।

मीडिया प्रभारी भवानीशंकर माली ने बताया कि सुबह सबसे पहले रक्तदान शिविर का कार्यक्रम रखा गया, जिसमें 146 लोगों ने रक्तदान किया। इसके बाद सावित्री बाई फूले के जीवन दर्शन पर महिला संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी की अध्यक्षता पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की धर्मपत्नी सुनीता गहलोत ने की। संगोष्ठी में महिला वक्ताओं ने भारत की प्रथम महिला शिक्षिका सावित्री बाई फूले के जीवन पर प्रकाश डाला तथा समाज से आह्वान किया कि इस अवसर पर बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओं का संकल्प लेना चाहिए। मुख्य वक्ता जोधपुर की पूर्व मेयर डॉ. ओम कुमारी थी। कार्यक्रम में वैभव गहलोत भी पहुंच और युवाओं को एकजुट होने का आह्वान किया। इसके अलावा महात्मा ज्योतिबा फूले महिला विंग की अध्यक्षा डॉ. प्रभा ओम सैनी समेत कई महिलाएं मौजूद रहीं।

**प्रतिभाएं सम्मानित सैनी समाज का जिला सम्मेलन व प्रतिभा सम्मान समारोह, समाज को आगे बढ़ाने पर दिया बल**

कुरूक्षेत्र हरियाणा के सांसद राजकुमार सेनी ने कहा कि सैनी समाज में राजनीतिक चेतना जागृत होगी तभी समाज मजबूत होगा। वे रविवार को राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के आगे आयोजित सैनी समाज के जिला सम्मेलन व प्रतिभा समारोह का संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि सैनी समाज बहुसंख्यक होते हुए भी राजनीति में उनका बड़ा वजूद नहीं है। सांसद सैनी ने महात्मा ज्योति राव फूले को भारत रत्न देने एवं सावित्री बाई फूले की जयंती को शिक्षिका दिवस के रूप में मनाने की सरकार से मांग की। उन्होंने समाज के लोगों को शपथ दिलवाते हुए इस मामले को संसद में उठाने की बात कही। बिजनौर (उत्तरप्रदेश) के विधायक परमेश्वरलाल सैनी ने कहा कि समाज के लोग दहेज प्रथा, मृत्युभोज आदि कुरीतियों को त्यागें। बच्चों को शिक्षित बनाएं। संयोजक सुभाष सैनी, बारां के जिला प्रमुख व मुख्य वक्ता नंदलाल सुमन ने भी विचार व्यक्त किए। समारोह के विशिष्ट अतिथि संत ओमनाथ, समाजसेवी राधेश्याम महावर, शिव भगवान सैनी, नरेन्द्र सैनी, मनोज दइया, मुरलीधर सैनी, मानसिंह खडोलिया, परसाराम दइया थे। अध्यक्षता समाजसेवी करणीसिंह गहलोत ने की। संचालन बजरंगलाल किरोड़ीवाल, जयंत परिहार, राजकुमारी चौहान व अनिता तंवर ने किया।

समारोह में अतिथियों ने समाज के करीब सवा तीन सौ प्रतिभाशाली विद्यार्थियों, जनप्रतिनिधियों व लोगों का सम्मान किया गया। सम्मेलन में जिले भर से सैनी समाज के हजारों लोगों ने भाग लिया। राजस्थान प्रदेश युवा माली सैनी महासभा के कार्यकर्त्ताओं ने सांसद सैनी को ज्ञापन देकर महात्मा ज्योतिबा फूले की जयंती पर राष्ट्रीय अवकाश घोषित करवाने, ज्योतिबा फूले को भारत रत्न दिलवाने तथा सावित्री बाई फूले की जयंती को शिक्षिका। दिवस के रूप में मनाने की मांग की।

**बच्चों को सही तालीम सच्ची श्रद्धांजालि**

**बीदासर।** डॉ. भीमराव अंबेडकर सेवा समिति व सावित्री बाई फूले समता मंच के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को वार्ड 13 में सावित्री बाई फूले की जयंती मनाई गई। मुख्य अतिथि पालिकाध्यक्ष खालिद बल्खी ने कहा कि अपने बच्चों को सही तालीम दें और समाज की बस्तियों, गांवों व शहर को स्वच्छ बनाने में सहयोग करें। यही उनके लिए सच्ची श्रद्धांजलि होगी। विशिष्ट अतिथि सुभाष तेजस्वी थे।

**शिक्षा की क्रांतिदूत थी 'सावित्री बाई फूले'**

**चूरू।** शिक्षा की क्रांतिदूत सावित्री बाई फूले जयंती रविवार को मनाई गई। आदर्श छात्रावास में हुए कार्यक्रम की मुख्य अतिथि राजकीय लोहिया महाविद्यालय छात्र संघ अध्यक्ष लिछमा मेघवाल थी। अध्यक्षता जिला परिषद सदस्य मोहनलाल आर्य ने की। वक्ताओं ने कहा सावित्री बाई फूले ने शिक्षा के साथ-साथ महिला सशक्तीकरण के लिए कार्य किया। कार्यक्रम में कृष्ण मेघवाल, बाबूलाल गोरा, सुनील खींची, मुकेश सिंघल, बलदेव, खेमाराम कोटवाद आदि ने सावित्री बाई फूले के चित्र पर पुष्प अर्पित किए। संचालन छगनलाल दानोदिया ने किया। एमएमआरटी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में फूले जयंती श्रीराम सैनी को अध्यक्षता में मनाई गई। इस दौरान विद्यार्थियों की वाद विवाद एवं खेलकूद प्रतियोगिताएं हुई। विजेताओं को सम्मानित किया गया। संस्थान की अध्यक्ष उल्का विश्नोई ने विचार व्यक्त किए।

**माली समाज की 103 वर्षीय ऐजा बाई का हुआ सम्मान**

**उदयपुर।** सावित्री देवी फूले विकास समिति व सैनी वर्ल्ड ईकॉनामी फोरम के तत्वावधान में आयोजित सावित्री बाई फूले जन्म जयंती के साप्ताहिक आयोजन का समापन सावित्री बाई सर्कल खारा कुंआ स्थित चौराहे पर हुआ। समाज की सबसे वृद्ध 103 वर्षीय ऐजा बाई का सम्मान किया।

सात दिवसीय जयंती महोत्सव के तहत सावित्री देवी फूले विकास व फूल माली सेवा समिति की ओर से प्रात: 9 बजे से सायंकाल तीन बजे तक नन्द भवन में कार्यक्रम हुए। जिसमें युवा मण्डल की ओर से 'किसमें कितना है दम' प्रतियोगिता हुई। स मा प न समारोह के मुख्य अतिथि निगम महापौर चन्द्रसिंह कोठारी थे। समारोह में ग्रामीण विधायक फूलसिंह मीणा, पार्षद नानालाल वाया, ओबीसी प्रकाष्ठ प्रभारी देवेन्द्र साहू, प्रेमसिंह शक्तावत, रणधीर सेना के जिलाध्यक्ष दिनेश माली आदि उपस्थित थे।

इस अवसर पर वाहन रैली टेकरी घटीयावली माता मंदिर से सांय पांच बजे रैली निकाली गई जो समारोह स्थल पर पहुंच कर सम्पन्न हुई। इसके अलावा समाज सेवा के कार्यो में अग्रणी केसर देवी माली का भी अभिनंदन किया। कार्यकम का मुख्य आकर्षण देवाली से आई हंसराज चिल्ड्रन होम की बालिकाओं द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रम था। समारोह में महिला मण्डल अध्यक्ष कुसुम मारी कार्यकारणी सदस्य पूर्णिमा तंवर, राखी माली, फूलमाली युवा समिति के गणपत परमार, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रेवाशंकर माली, एडवोकेट भंवरलाल गढ़वाल, जिला मंत्री गजेन्द्र ब्राह्मणोदिया, प्रकाश तंवर आदि उपस्थित थे। मंच संचालन लक्ष्मीलाल ने किया। आभार दिवाकर माली ने ज्ञापित किया।

### सैनी वर्ल्ड ईकॉनामिक फोरम के प्रयास लाए रंग

# माली सैनी समाज के महाकुंभ में देश विदेश के लोगों का उमड़ा हुजूम





जयपुर। चाहे व्यापारिक क्षेत्र हा या फिर औद्योगिक, कृषि, बागवानी सभी को मिलाकर अगर देखा जाए तो सैनी समाज का देश की अर्थव्यवस्था में 15-20 प्रतिशत हिस्सा कहें तो अतिश्योक्ति नहीं होगी। यह विचार महाकुंभ के त्रि-दिवसीय शुभारंभ के मुख्य अतिथि महाराष्ट्र के पूर्व उप-मुख्यमंत्री श्री छगन भुजबल ने होटक क्लार्क आमेर में अपने संबोधन में कही।

उन्होंने कहा कि आज देशभर में 17 करोड़ और राजस्थान में 40 लाख की आबादी के नाम से पहचार बनाने वाले सैनी, माली, कुशवाहा सहित 596 गोंत्रों से जाना जाता है। चाहें व्यापारिक क्षेत्र हो या फिर अन्य क्षेत्र सभीमें समाज की हिस्सेदारी महत्वपूर्ण है लेकिन आज समाज समाज शिक्षा के क्षेत्र के अलावा अन्य कार्यो में भी समाज के लोग काफी पीछे है। उन्हें बराबरी का दर्जा दिलाने के लिए समाज के लोगों को दृढ़ संकल्पित रहना चाहिए ताकि हर क्षेत्र में अपने कामयाबी का परचम फहरा सकें।

त्रि-दिवसीय कार्यक्रम में कुरूक्षेत्र सांसद राजकुमार सैनी, पूर्व मंत्री श्री रामकिशोर सैनी, पूर्व विधायक श्री भगवान सहाय सैनी, ज्योति बा फूले राटष्ट्रीय जागृति मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री मोतीबाबा फूले, झुंझुनुं उप जिला प्रमुख बनवारी लाल सैनी, वरिष्ठ आई.ए.एस. डॉ. ओ. पी. सैनी, युवा मोटिवेशन गुरू डॉ. रोमन सेनी सहित समाज के राजनैतिक, सामाजिक एवं उद्योगिक क्षेत्र के जुड़ें सैकड़ों समाज बंधुओं ने समाज के वर्तमान व भविष्य के बारे में विभिन्न सत्रों में खुली चर्चा की।

विशिष्ठ अतिथि के रूप में अधिवेशन को संबोधित करते हुए राजस्थान के पूर्व मंत्री श्री रामकिशोर सैनी ने माली सैनी समाज के राजनीतिक प्रतिनिधत्व की मांग उठाने का आव्हान किया। पूर्व विधायक भगवान सहाय सैनी ने समाज में महिला शिक्षा के बढ़ते आकंड़ों पर संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि समाज को और अधिक कार्य कर अपनी बेटियों को आईएएस, आरएएस जेसे राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगी परिक्षाओं में उच्च स्थान दिलाने का प्रयास करना चाहिए।

महाकुंभ के संयोजक श्री भभूताराम सोलंकी ने बताया कि फोरम की स्थापना 2013 में सामाजिक, धार्मिक, व्यापारिक उद्यमियों को जोड़ने के लिए की गई। आज फोरम करीब 5000 से अधिक गरीब बच्चों को नि:शुल्क शिक्षा उपलब्ध करवा रहा है। महाकुंभ में फोरम के संपूर्ण भारत सहित 7 देशों के 452 रजिस्ट्रेशन हुए है।

अधिवेशन में आए अप्रवासी भारतीयों ने कहा कि चाहे विश्व बैंक तथा संयुक्त राष्ट्र संघ ने घोषणा नहीं की है लेकिन यह सत्य है कि भारत महाशक्ति के रूप में उभर चुका है। इंग्लैड, दुबई, पोलेंड, मलेशिया आदि देशों से आए अप्रवासी भारतीयों अरविंद गहलोत, जगदीश सैनी, रूपाराम टाक सहित अन्य प्रवासी बंधुओं ने अपने विचार प्रकट करते हुए कहा कि यह भारत के अंदर छुपी ताकत है जो संपूर्ण विश्व को भारत में निवेश के लिए आकर्षित कर रहा है। इंग्लैड निवासी श्री अरविंद गहलोत ने कहा कि एक जमाना था कि अंग्रेज भारतीयों के साथ अलगाव की भावना रखते थे, लेकिन आज अंग्रेजी कंपनियों में भारतीय अच्छे पदों पर आसीन है और इस बात का हमें अभिमान है। पौलेंड निवासी श्री रूपाराम टाक ने कहा कि भारत में सैनी वर्ल्ड ईकॉनोमिक जैसी संस्थाओं को भारत में अंतराष्ट्रीय निवेश चाहने वालों के दबाव को देखते हुए तेजी से कर्य करना होगा। फोरम के राष्ट्रीय संयोजक श्री सुभाष सैनी ने तीन दिवसीय कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया कि इसमें 20 विभिन्न सत्रों में समाज के उत्थान तथा विकास के बारे में अपने विचार आपस में साझा किए जायेगें।

समारोह में इसके अलावा उतर प्रदेश विधायक ममतेश शाक्य, पूर्व मंत्री श्री विनय सैनी, ऑल इण्डिया सैनी समाज की राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती अल्का सैनी, महाराष्ट्र माली संघ प्रदेशाध्यक्ष डॉ मनीषा, सैनी वर्ल्ड ईकानॉकिम फोरम के प्रदेशाध्यक्ष डा. जी. एल. वर्मा, गुजरात के उद्योगपति श्री मोहन भाई रामी, कर्नाटक के उद्योगपति श्री घनश्याम सांखला सहित अनेको प्रतिष्ठित लोगों के साथ समाजसेवियों ने शिरकत की।




तारानगर आबीसी प्रकोष्ठ के रा. अध्यक्ष सांसद राजकुमार सैनी प्रतिभाओं को सम्मानित करते हुए

कुरीतियों को दूर करने एवं समाज के विकास एवं उत्थान को लेकर चर्चा की गई। बैठक में ग्राम इकाई स्तर पर गठित काय्रकारिणी से मन लगाकर कार्य करने का आग्रह किया गया। वही सावित्रीबाई फूले की जयंती भी मनाई गई। बैठक में मंत्री ओमप्रकाश सैनी, ऊनबड़ागांव सरपंच मलखान सैनी, सुशील सैनी, प्रवक्ता राजेश सैनी, पूंदरपाडा सरपंच रामावतार सैनी आदि ने भी विचार व्यक्त किए।

सैनी समेत कई जनों ने भी संबोधित किया। इससे पूर्व संगठन के अध्यक्ष नवल सैनी ने समाज के छात्र-छात्राओं को नि:शुल्क कोचिंग कराने की घोषणा की। संचालन मदनलाल सैनी ने किया।

## सावित्री बाई फूले की जीवनी पर प्रकाश डाला

टोंक। सैनी वर्ल्ड इकॉनोमिक फोरम टोंक द्वारा भारत में नारी जाति की शान क्रांति की ज्योति जलाने वाली सावित्री बाई फूले के विचारों का प्रचार-प्रसार करने के लिए 28 दिसम्बर से 3 जनवरी तक आयोजित सावित्री बाई फूले जागृति सप्ताह के दौरान निवाई में सभा का आयोजन किया गया। कार्य की अध्यक्षता जिला महामंत्री रमेशचन्द सैनी रहमानदिया ने करते हुए सावित्री बाई फूले की जीवनी पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि सावित्री बाई फूले का जन्म 3 जनवरी 1831 को हुआ। इनके पिता का नाम खन्दोजी नेवसे तथा माता का नाम लक्ष्मी था। सावित्री बाई फूले भारत के पहले बालिका विद्यालय की पहली प्रधानाध्यापिका और पहले किसान विद्यालय की संस्थापक थी। सावित्री बाई फूले के पति का नाम महात्मा ज्योतिबा फूले था। महात्मा ज्योतिबा को महाराष्ट्र और भारत में सामाजिक सुधार आंदोलन में एक सबसे महत्वपूर्ण व्यक्ति के रूप में जाना जाता है। सावित्री बाई फूले ने महिलाओं और दलित जातियों को शिक्षित करने का प्रयास किया। सावित्री बाई फूले ने विधवा विवाह करवाना, छुआछूत मिटाना, महिलाओं की मुक्ति और दलित महिलाओं को शिक्षित बनाना मुख्य उद्देश्य रहा। सावित्री बाई फूले एक कवियत्री भी थी। उन्हें मराठी की कवियत्री के रूप में जाना जाता है। सावित्री बाई फूले के सामने कई सामाजिक मुशाकिले भी रही, जब वह बालिकाओं को स्कूल पढ़ाने जाती थी, तो लोग पत्थर मारते थे। उन पर गंदगी फैंक देते थे। सावित्री बाई फूले एक साड़ी अपने थैले में लेकर चलती थी और स्कूल पहुंच कर गंदी कर दी गई साड़ी बदल देती थी। आज से कई साल पहले बालिकाओं के लिए जब स्कूल खोलना पाप का काम माना जाता था, इतनी सामाजिक मुश्किलों में अकेला बालिका विद्यालय सावित्री बाई फूले द्वारा खोला गया। सावित्री बाई फूले पूरे देश की महानायिका रही है। हर जाति बिरादरी और धर्म के लिए उन्होंने काम किया। सावित्री बाई फूले ने 1848 में पूणे में अपने पति के साथ मिलकर विभिन्न जातियों की नौ छात्राओं के साथ उन्होंने एक विद्यालय की स्थापना की। एक वर्ष की समयावधि में सावित्री बाई फूले एवं महात्मा ज्योतिबा फूले पांच नये विद्यालय खोलने में सफल रहे। तात्कालीन सरकार ने उन्हें सम्मानित भी किया। एक महिला प्रधानध्यापिका के लिए सन् 1948 में बालिका विद्यालय चलाना कितना मुश्किल रहा होगा। इसकी कल्पना सायद आज भी नहीं कि जा सकती। लड़कियों कि शिक्षा पर उस समय पाबंदी थी। सावित्री बाई फूले उस दौर में न सिर्फ खुद पढ़ी बलकी दूसरी लड़कियों के पढ़ाने का भी बन्दोबस्त किया। वह भी पुणे जैसे शहर में। सावित्री बाई फूले जैसी क्रांतिकारी महिला का




जैसलमेर में सैनी वर्ल्ड ईकॉनोमिक फोरम द्वारा आयोजित कार्यक्रम



भीलवाड़ा में सावित्री बाई फूले जयंती पर सम्मानित महिला शक्ति





**झुंझुनुं में सैनी वर्ल्ड ईकॉनोमिक फोरम के प्रतिभा सम्मान कार्यक्रम में उपस्थित जनसैलाब एवं अतिथियों द्वारा सम्मानित होती प्रतिभाऐं**

10 मार्च 1897 में निधन हो गया। अन्त समय तक सावित्री बाई फूले ने अपना सम्पूर्ण जीवन दलितों की सेवा में लगा दिया। आज भी उनके द्वारा समाज सेवा के क्षेत्र में किये गये कार्य को समाज याद करता है। सभा में सैनी वर्ल्ड इकॉनोमिक फोरस के प्रदेश महामंत्री पांचु लाल सैनी, गणेश सैनी, लालचन्द सैनी, लादूलाल सैनी, चिरंजीलाल सैनी, अनिल सैनी, दुर्गालाल सैनी, अशोक सैनी, मुकेश सैनी टोंक, प्रहलाद सैनी, सीताराम सैनी टोंक, रामफूल सैनी, सोमेश्वर सैनी, मुरारीलाल सैनी गाडोली, बुद्धराज सैनी सोनवा, भरतलाल अजमेरा, धन्नालाल सैनी आदि ने अपने विचार व्यक्त किये।

**निवाई।** ऑल इण्डिया सैनी सेवा समाज निवाई की बैठक शिवाजी कॉलोनी में कार्यालय पर रखी गई जिसकी अध्यक्षता तहसील अध्यक्ष सोमेश्वर सैनी ने की तथा निम्न विचार विमर्श किया की माली समाज निवाई के अध्यनरत छात्र जो कक्षा 3 से 10 तक अध्यनरत है उन छात्रों की प्रतियोगिता परीक्षा कराने पर विचार रखा गया सभी पदाधिकारियों ने अपनी सहमति प्रकट की तथा कक्षा के आधार पर 3 ग्रुप बनाये जायेंगे कक्षा 3 से 5 तक व 6 से 8 तक तथा 9 व 10 का ग्रुप बनाकर परीक्षा कराने पर विचार किया गया। कक्षा 3 से 5 तक के छात्रों को समान्यज्ञान व 6 से 10 तक पाठ्यपुस्तक आधारित प्रश्न पूछे जायेंगे परीक्षा का उद्देश्य समाज में अध्यनरत छात्रों जानाकरी व कमजोर छात्रों को उत्साहित कर शिक्षा के प्रति जागरूक करना है। परीक्षा में श्रेष्ठ 3 छात्रों को उचित पुरस्कार देकर सम्मानित किया जाएगा व अन्य को समाज के द्वारा सम्मान पत्र देकर उत्साहित किया जाएगा। समाज के छात्रों को अपना परीक्ष्याा रजि. 10 जनवरी से 10 फरवरी 2016 तक करवाना होगा परीक्षा का आयोजन 21 फरवरी 2016 को होगा। रजि. गांव-गांव में चयनित समाज सेवी करेंगे।

बैठक में उपस्थित सभी ने अपनी सहमति प्रकट की व समाज को शिक्षा के प्रति जागरूक करने में अपना सहयोग करने की अश्वासन दिया।

**सवाई माधोपुर।** सैनी वर्ल्ड इकॉनोमी फोरम सवाई माधोपुर के तत्वावधान में रविवार को सावित्री बाई फूले जयंती मनाई गई। इस अवसर पर शहर सवाई माधोपुर स्थित दंडवीर बालाजी ने वाहन रैली निकाली गई। रैली को मुख्य अतिथि नगरपरिषद आयुक्त भोमाराम सैनी, विशिष्ठ अतिथि व्याख्याता दिनेश शर्मा, प्रदेश मंत्री भगवान माली और जिलाध्यक्ष प्रभुदयाल सैनी ने हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया।



सवाई माधापुर में निकाली गई वाहन रैली

वाहन रैली शहर सवाई माधोपुर के दंडवीर बालाजी मंदिर से शुरू होकर



शिवगंज में सावित्री बाई फूले जयंती का आयोजन



जालोर में सावित्री बाई फूले जयंती पर रक्तदान




सांसद राजकुमार सैनी ने अपने उद्‌बोधन में कहा कि हमें राजनिति में किसी का पिछलगु नहीं बनना है हमें अपनी शक्ति प्रदर्शन कर नेतृत्व करना होगा। हमें अपना लक्ष्य निर्धारित करना होगा बिना लक्ष्य निर्धारण किसी भी कार्य में सफलता मिलना असंभव है। माली समाज ओबीसी वर्ग को आगे लाने का कार्य करें जो हमारे साथ हे उनकी हम आगवानी करे तथा हमारे शीर्ष नेतृत्व के दिशा निर्देश के अनुसा हमें मैं से निकलकर हम में सबको साथ लेकर चलना होगा।

इसी प्रकार प्रमुख उद्यमी श्री मोहनभाई रामी ने अपने उद्‌बोधन में कहा कि उच्चतर समारोह के लिए हम सभी आयोजकों के आभारी है। हमें समाज में शिक्षा का स्तर सुधारना होगा। हम अहमदाबाद में शिक्षा, आवास एवं नौकरी के लिए आने वाले समाज बंधुओं के लिए हर प्रकार की सहायता के लिए तैयार है। तथा जो शिक्षित तथा प्रशिक्षित है उनके लिए हमारी कंपनियों में नौकरी के लिए भी अवसर प्रदान किये जायेगें।

समाजसेवी श्री रामनारायण माली ने कहा कि हमें हमारी संख्या के अनुपात में हर जगह अधिकार प्राप्त हो इसके लिए प्रयास करना होगा। हमें जब मालूम हुआ कि कर्नाटक में हम 3 लाख से अधिक की संख्या में है तो वहां समाज के सम्मेलन का आयोजन किया दिनभर चले सम्मेलन में लाखों लोगों ने उपस्थित हो सामाजिक एकता की मिसाल कायम की यहीं नहीं संभवत ऐसा प्रथम अधिवेशन होगा जिसमें मंच पर 450 से अधिक जनप्रतिनिध उपस्थित थे तथा इस आयोजन हेतु कर्नाटक सरकार ने 1 करोड़ रूपये भी दिये।

डॉ. ओ. पी. सैनी ने अपने उद्‌बोधन से पूर्व हनुमान चालिसा का पाठ करा उसका महत्व बताते हुए सभी को हनुमान जी की भांति समाज के कार्यो में अपना सर्वस्व न्यौछावार करना होगा जिस प्रकार हनुमान जी ने प्रभु रामजी के साथ कंधे से कंधा मिला हर असंभव कार्य को संभव किया हमें भी अपनी शक्ति का उपयोग सभी को साथ ले शैक्षणिक, सामाजिक, आर्थिक, राजनैतिक एवं व्यापारिक स्तर पर सफलता प्राप्त करनी होगी।

युवा आईएएस एवं मोटिवेशन गुरू डॉ. रोमन सैनी ने अपने उद्‌बोधन में शिक्षा के बिना कही भी विकास संभव नहीं है कहते हुए विशेषकर उच्चतर शिक्षा हेतु समाज को कार्य करने की बात कही साथ ही अपने अनुभव को बताते हुए कहा कि मैनें अपने परिजनों की आर्थिक स्थति सुदृढ़ नहीं होते हुए भी उनके द्वारा शिक्षा के लिए मुझे हर प्रकार के सहयोग मिलने के कारण ही सफलता को प्राप्त किया है तथा मै इस समाज का हिस्सा हु तथा समाज के युवाओं के मार्गदर्शन हेतु हर समय यू-ट्यूब पर अनएकेडमी के माध्यम से उपलब्ध हूं तथा इसके अलावा किसी भी सहयोग के 24 घंटें तैयार हूं।,

ऑल इण्डिया माली सैनी समाज की राष्ट्रीय अध्यक्षा श्रीमती अल्का सैनी ने महिलाओं को सामाजिक संस्थाओं द्वारा दिये जा रहे योगदान के लिए आभार प्रकट करते हुए कहा कि हम महिलाओं को भी युवाओं के साथ मिल कर इस संदर्भ में योजनाबद्ध तरीके से आगे बढ़ने के लिए आना होगा।

सम्मेलन में विभिन्न सत्रों में समाज के बुद्धिजीवियों ने भी मार्गदर्शन करने का कार्य किया। जोधपुर में जयनारायण विश्व विद्यालय के हैड ऑफ डिर्पाटमेंट डॉ. हुकम सिंह ने अपने विचारों को व्यक्त करते हुए समाज के युवाओं के लिए कम्प्यूटर प्रोजेक्टर के माध्यम से जानकारी दी। जिसकी सभी ने मुक्तकंठ से प्रंशसा की।

समारोह के समापन समारोह में सभी प्रांतो एवं जिले से आए प्रतिनिधियों का सम्मान किया गया। राष्ट्रीय संयोजक श्री भभूताराम सोलंकी ने अधिवेशन की सफलता के लिए सभी का हार्दिक आभार प्रकट किया तथा विश्वास जताया कि सामाजिक आयोजन में सभी को उचित व्यवस्था प्रदान की गई थी। सभी आंगतुकों ने अधिवेशन की सफलता हेतु आयोजकों को हार्दिक बधाई प्रेषित की।

त्रि-दिवसीय सम्मेलन में इनकी रही उपस्थिति :






महाराष्ट्र के पूर्व सांसद श्री समीर भुजबल, उद्योगपति श्री गंगाराम गहलोत, श्री मोहन पटेल, श्री मनफूल सैनी, पूर्व आईएएस डॉ. सत्यनारायण सैनी, पूर्व विधायक भाजपा श्री मदनलाल सैनी, नई दिल्ली से श्री श्रीपाल सैनी, श्री महेश गणगणे, श्री सुनील परिहार, श्री राजेन्द्र सोलंकी, श्री वासुदेव सोलंकी, श्री प्रभात सैनी, श्री निरजंन आर्य, डॉ. विरेन्द्र मंगल, श्री श्रीचंद तुदंवाल, श्री कैलाश सैनी, श्री कालूराम माली।

जोधपुर से अध्यक्ष श्री नरपतसिंह सोलंकी, प्रदेश मिडिया प्रभारी मनीष गहलोत, एडवोकेट श्री महेन्द्र तंवर, प्रोफेसर डॉ. हुकमसिंह गहलोत, सी.ए. बलवीर गहलोत, उद्योगपति श्री विरेन्द्र गहलोत, युवा शक्ति के रूप में सर्व श्री प्रदीप परिहार, श्री कानाराम सांखला, श्री नरेन्द्र सोलंकी, श्री नरेश देवड़ा, सुश्री दिव्या गहलोत, श्री दिपक देवड़ा, मुकेश सांखला, श्री प्रफुल गहलोत, श्रीमती तरूणा गहलोत, श्रीमती सुधा गहलोत, श्री रामेश्वरलाल गहलोत, वरिष्ठ समाजसेवी श्री रणजीत सिंह परिहार, श्री मेघाराम परिहारश्री उगमसिंह गहलोत, डॉ. सतीशस्वरूप गहलोत, ग्रामिण क्षेत्र से श्री भंवरलाल देवड़ा, श्री अर्जुनराम माली।

इसके साथ ही यूपी. से ओ.पी. सैनी, श्री श्रीराम सैनी, श्री रविन्द्र सैनी, जगदीश सैनी, हिमाचल से श्री रामलाल कच्छवाहा, महाराष्ट्र से दत्रादेय माली, शंकरराव लिंगें, मुंबई से श्री मुरली बालण, नई दिल्ली से श्री जी.डी. सैनी, श्री कैलाश सैनी। इसके साथ ही विभिन्न शहरों से टीवी मिडिया से श्री मुकेश सुंदेशा, श्रीमती सीता भाटी, श्रीमती धीरज सैनी, श्रीमती सुनीता अजमेरा, श्रीमती सुशिला परिहार, श्रीमती मंजू सैनी, श्री बिरदीचंद सिंगोदिया, श्री सुरजमल सैनी, श्री सुरेश सैनी, श्री बलदेव सैनी, श्रीमती बिंदिया रानी टाक, श्री किशोर सिंह टाक, संत श्री चेतनगिरी जी महाराज, श्री छोटसिंह जी, श्री जे. के. कुदलें, रामलाल सोलंकी, श्री गणपतसिंह माली, श्री हनुमान सैनी, श्री भंवरलाल सैनी, श्री निहालचंद सैनी, श्री जितेन्द्र अजमेरा, श्री महेश बी. माली, श्री निंबाराम माली, श्री पंकज सुंदेशा, श्री बाबुलाल सैनी, श्री शंकरलाल सैनी,श्री नरेन्द्र सैनी, श्री भगवान माली, श्री नारायण माली, श्री पांचूलाल सैनी, श्री एस. आर. सैनी, श्री जुगल सैनी (सांस्कृतिक प्रमुख), श्री प्रभात सैनी, श्री जयंत परिहार, श्री

# सामूहिक विवाह सम्मेलन को लेकर समितियों का गठन

टोंक। माली (सैनी) समाज बनेठा द्वारा प्रथम सामूहिक विवाह सम्मेलन 15 अप्रेल रामनवमी को बालाजी के बाग के पास शंकरपुरा रोड़ बनेठा में आयोजित किया जायेगा। जिसकों लेकर समाज के पंच पटेलों ने सामूहिक विवाह सम्मेलन समितियों का गठन किया है। ग्राम पंचायत बनेठा के सरपंच नरेन्द्र सैनी ने जानकारी देते हुए बताया कि सामूहिक विवाह सम्मेलन को लेकर गठित समिति का अध्यक्ष रामअवतार भगत को बनाया गया तथा संरक्षक मण्डल में हिरालाल कच्छावा, सूरजमल सांखला, श्योजीलाल जादम, गिरधारी जादम, धूलीलाल जादम, जमनालाल जामद झौंपडिया, रामनिवास संडिला, रामनारायण भोगल्या की झौंपडिया को शामिल किया गया एवं उपाध्यक्ष जवान भोगल्या, धन्नालाल गौला, शंकरलाल बारवाल उनियारा, छीतरलाल जैतपुरिया, गोपाल जादम, कोषाध्यक्ष नरेन्द्र जादम सरपंच, सह कोषाध्यक्ष प्रभुलाल सैनी रहमानदिया, गिर्राज सैनी संडीला, महावीर बरथुनिया, महामंत्री हेमराज सांखला, रामसहाय, मंत्री नारायण जैतपुरिया, पूरण सांखला, प्रचार मंत्री सीताराम गौला का बनाया गया तथा सलाहकार समिति में बद्रीपटेल, फूंदीलाल पटेल, छोटूलाल जादम, कालू सांखला, गोपाल सांखला, प्रकाश जादम, जगदीश जादम, डेकोरेशन व लाईट व्यवस्था समिति में हनुमान बरथुनिया, रामसहाय कार्सींद, कैलाश जादम, देवकरण संडीला शामिल किया गया। वहीं सांस्कृतिक मंत्री मेघराज भगज, रामलाल राजदार, बाबूलाल भगत, औंकार बमोरिया, कार्यालय मंत्री यशकरण बागवान, मोहनलाल जामद, संयोजक भंवरलाल भालड़ा, छीतर राजदार, घांसी भगत, संगठन मंत्री रामनायण जादम, भंवरलाल सांखला, प्रभु लाल बागवान, मंच संचालन एवं प्रवक्ता राजेन्द्र जादम, हरिराम भालड़ा को बनाया गया।





# संत श्री लिखमीदास सेवा संस्थान भीरु ग्रुप द्वारा आयोजित माली समाज प्रतिभा एवं मातृशक्ति सममान समारोह में करीब तीन हजार समाज महिलाओं ने की शिरक्त






भीनमाल। शिक्षा के क्षेत्र में महिलाओं को आगेवान बनना होगा, तभी पूरे राष्ट्र और समाज के शिक्षित होने का सपना साकार हो सकता है। किसी भी समाज में प्रतिभा की कमी नहीं होती है बल्कि उन्हें पर्याप्त अवसर प्रदान करने के लिए उचित मार्गदर्शन की आवश्यकता होती है। प्रतिभा एवं मातृशक्ति के सम्मान से समाज को संस्कारित शिक्षा के मार्ग पर आगे बढाया जा सकता है। बालिका की शिक्षा पर किया गया इंवेस्टमेन्ट आपकी सार्थक पूंजी साबित होगी। ये विचार संत श्री लिखमीदास सेवा संस्थान भीरू ग्रुप द्वारा आयोजित माली समाज समारोह मुख्य अतिथि के रूप में जिला पुलिस अधीक्षक श्रीमती श्वेता धनखड ने व्यक्त किये।

पुलिस अधीक्षक श्रीमती धनखड़ ने कहा कि परिवार की धूरी महिला होती है और जब महिला किसी भी कार्य को करती है तो उसे बहुत ही सुन्दर ढंग से निष्पादित करती है। उन्होंने कहा कि हमारे देश की प्रधानमंत्री भी महिला रह चुकी है वहीं वर्तमान में अपने राज्य की नेतृत्वकर्ता भी एक महिला है। धनखड़ ने कहा कि महिला का मतलब होता है मर्यादा या महानता, हिम्मत और लज्जा। इसलिए महिला ही सबसे ज्यादा मर्यादित होती है उसमें अपार हिम्मत होती है और लज्जा का गहना भी वे धारण करती है।

क्षेमंकरी तलहटी में स्थित माली समाज प्रांगण में आयोजित जिला स्तरीय समारोह में मुम्बई से आई विशिष्ट अतिथि डॉ. मनीषा मण्डादे ने कहा कि उन्हें हर्ष की अनुभूति हो रही है कि वे वर्षो पूर्व जब यहां आई थी और आज आई है। इस दरम्यान शिक्षित महिलाओं की संख्या में काफी इजाफा नजर आ रहा है। डॉ. मण्डादे ने समाज की घूंघट प्रथा पर वार करते हुए कहा है कि लज्जा स्त्री का गहना है मगर गहने को छुपाया नहीं जाता है घूंघट प्रथा महिला की प्रगति में बाधक नहीं बननी चाहिए।

ऑल इण्डिया माली सेनी समाज की मध्यप्रदेश प्रदेशाध्यक्ष श्रीमती अलका सैनी ने कहा कि देश की प्रथम महिला शिक्षिका सावित्री बाई फूले की जयंती के उपलब्ध में भीरू ग्रुप का यह 12वां जिला स्तरीय प्रतिभा एवं मातृशक्ति सम्मेलन बालिका शिक्षा की राह को प्रशस्त करने वाला सार्थक साबित होगा। सैनी ने कहा कि आज यह विचार मंथना होना चाहिए कि क्या हम सावित्री बाई के मार्ग पर चल रहे है या नहीं ? हमें बालक बालिका को शिक्षा दिलाने के हरसंभव प्रयास करने होगें। सैनी ने कहा कि माली सैनी समाज में महिलाओं को मंच पर लाने और उनमें चेतना जगाने का श्रेय हमारे मोतीबा फूले को जाता है।

सावित्री बाई फूले जागृति मतंच की प्रदेशाध्यक्ष एवं एडवोकेट श्रीमती ललिता माली ने कहा कि संस्कार और शिक्षा में गहरा संबंध है। शिक्षित महिला बेहतर तरीके से अपनी संतान को संस्कार दे पायेगी। उन्होंने कहा कि एक महिला के शिक्षित होने पर दो दो पीढियों के शिक्षित बनने के आसार बनते है।

अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी मुकेश सोलंकी ने कहा कि शिक्षित समाज ही स्वस्थ ओर समृद्ध राष्ट्र का निर्माण करने में सहायक होता है सोलंकी ने कहा कि समाज के युवाओं को शिक्षा के साथ साथ अन्य व्यवसाय परक शिक्षा भी हासिल करनी चाहिए। उन्होंने समाज के भामाशाहों को आव्हान किया कि वे व्यवसायिक शिक्षा के क्षेत्र में भी पहल करें तो परिणाम निश्चित ही मधुर प्राप्त होंगे।

विशिष्ट अतिथि एवं स्थानीय तहसीलदार विशनाराम देवड़ा ने कहा कि समारोह में बड़ी संख्या में मौजूद मातृशक्ति इस बात का संकेत दे रही है कि हमारे समाज में महिला सशक्तिकरण और बालिका शिक्षा को बढ़ावा मिला है। देवडा ने कहा कि वर्तमान समय में महिला को केन्द्र और राज्य सरकार द्वारा देय आरक्षण का लाभ उठाना चाहिए इस हेतु उन्हें शिक्षित बनना होगा।

समारोह के मुख्य वक्ता के रूप में बोलते हुए महात्मा ज्योतिबा फूले जागृति मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष मोतीलाल सांखला ने शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि समाज परम्परागत रूढियों से हटकर बालिकाओं को आवश्यक रूप से शिक्षा से जोडे। सांखला ने कहा कि सभी बडे शहरों एवं कस्बों में समाज के शिक्षालयों और छात्रावास होने चाहिए। इसके लिए समाज के आर्थिक दृष्टि से सम्पन्न व्यक्तियों को समजा हितार्थ सहायता करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि समाज को शिक्षित एवं संगठित बनना होगा तथा समाज में सामाजिक एवं राजनैतिक जागरण की महत्ती आवश्यकता है, इस हेतु शिक्षित वर्ग को आगे आना




